संख्या 20/1/91/का-2/2008

प्रेषक,

कुंवर फतेह बहादुर,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

लखनऊ : दिनांक 20 अक्टूबर, 2008

विषय :- भर्ती एवं नियुक्तियों के संबंध में।

महोदय,

कार्मिक अनुभाग-2

कृपया उपर्युक्त विषयक समसंख्यक शासनादेश दिनांक 22 सितम्बर, 2008 एवं दिनांक 10 अक्टूबर, 2008 का संदर्भ ग्रहण करें।

2-उक्त शासनादेशों के क्रम में शासन द्वारा लिये गये निम्नलिखित निर्णयों से आपको अवगत कराये जाने का मुझे निदेश हुआ है।

(1) प्रदेश की सरकारी नौकरियों में जो कर्मचारी 01 नवम्बर, 2008 से सेवानिवृत्त (Retired) होंगे, उनके रिक्त हुए पदों पर सरप्लस कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी।

(2) वर्तमान के सभी रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाएगी ताकि सर्वसमाज में से गरीब व बेरोजगार लोगों को रोजी-रोटी के साधन मिल सकें।

3-अनुरोध है कि कृपया उपर्युक्त आदेशों का तदनुसार कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु अपने अधीनस्थ समस्त नियुक्ति प्राधिकारियों को भी निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय,
कुंवर फतेह बहादुर,
प्रमुख सचिव।

संख्या 839/का-2/2008 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1-समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।
2-समस्त मण्डलायुक्त/ जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
3-सचिवालय के समस्त अनुभाग।

आज्ञा से,
विनय कुमार श्रीवास्तव,
विशेष सचिव।

पी०एस०यू०पी०-ए०पी० 13 सा० नियुक्ति (हि०)-25.10.2008-(1344)-2000 (क०/आ०)।